प्रादेशिक समाचार
दिनांक–27.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार ने कामगारों के लिए न्यूनतम वेतन दरों में वृद्धि की घोषणा की, नई दरें पहली अक्तूबर से लागू होंगी।
2. केंद्र ने आधार और पैन की जानकारी को इंटरनेट पर उजागर करने वाली वेबसाइट्स पर प्रतिबंध लगाया।
3. राज्य सरकार ने एक लाख सतहत्तर हजार किसानों का चार सौ करोड़ का कृषि ऋण किया माफ।
4. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अक्टूबर को हजारीबाग में आयोजित परिवर्तन रैली के समापन समारोह को करेंगे संबोधित, झारखंड के विधानसभा चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा आज हजारीबाग जाकर तैयारी की करेंगे समीक्षा।
5. राज्य के कुछ हिस्सों में आज भी भारी बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा, गोड्डा और साहिबगंज में जारी किया ऑरेंज अलर्ट।

******************

केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ते में संशोधन कर न्यूनतम मजदूरी दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। नई वेतन दरें अगले महीने पहली अक्तूबर से लागू हो जाएंगी। संशोधन के बाद अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दरें सात सौ 83 रुपये, अर्ध–कुशल श्रमिकों के लिए आठ सौ 68 रुपये, और कुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन नौ सौ 54 रुपये प्रतिदिन होगा। अत्यधिक कुशल श्रमिकों के लिए संशोधित वेतन एक हजार 35 रुपये प्रति दिन होगा।

******************

केंद्र सरकार ने नागरिकों के आधार और पैन की जानकारी को इंटरनेट पर उजागर करने वाली वेबसाइट्स पर प्रतिबंध लगा दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ऐसे कुछ वेबसाइट्स की पहचान की है जो नागरिकों की निजी संवेदनशील पहचान सहित आधार और पैन की जानकारी उजागर कर रही थीं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने इस मामले में केस दर्ज किया है।

******************

राज्य सरकार ने करीब पौने दो लाख किसानों का दो लाख रुपये तक का ऋण माफ कर दिया। रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के किसानों के करीब 400 करोड़ रुपये की कृषि लोन माफ करने की घोषणा की। इस मौके पर श्री सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार द्वारा कई कदम उठाये गये हैं।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अक्तूबर को हजारीबाग में आयोजित परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में शामिल होंगे। असम के मुख्यमंत्री सह झारखण्ड विधानसभा चुनाव प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा आज हजारीबाग का दौरे पर आ रहे हैं। वे 2 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा में मिल रही शिकायतों की जांच कराने को कहा है। राज्यपाल की ओर से भेजे गये पत्र में छात्र संगठनों द्वारा परीक्षा के संबंध में दी गयी जानकारी और मिले तथ्यों को संलग्न किया गया है। दूसरी तरफ राज्यपाल ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष से भी सीजीएल परीक्षा के संबंध में तथ्य के साथ स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। इधर छात्र लगातार आंदोलन कर रहे हैं जिसको लेकर जेएसएससी कार्यालय के आसपास धारा 163 लगा दी गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने भी परीक्षा पर सवाल खड़े किये हैं।

******************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियों को पदाधिकारी मूर्त रूप देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव में विभिन्न माध्यमों से आए शिकायतों को ध्यान में रखते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में सुरक्षा का सुदृढ़ प्रबंधन सुनिश्चित करें।

******************

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरा देश स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है। धनबाद रेल मंडल ने इस वर्ष अभियान चलाकर स्वच्छता के संदेश को जन–जन तक पहुंचाया है।

******************

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आज पलामू, गढ़वा और लातेहार के अलावा गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ में भी भारी बारिश का पूर्वानुमान है। इसे लेकर औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उन्होने बताया की राज्य में अभी तक वर्षा सामान्य रही है और राज्य में बारिश का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। उन्होने बताया कि अगले कुछ दिनों में निम्न दबाव का क्षेत्र बंगाल की खाड़ी में बन रहा जिसका असर झारखण्ड में फिर पड़ सकता है।

******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जेएसएससी पेपर लीक के आरोपों पर राज्यपाल के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और जेएसएससी अध्यक्ष को लिखे पत्र और राज्य सरकार द्वारा कृषि ऋण माफी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– राज्यपाल ने सीजीएल परीक्षा की जांच कराने को कहा।

दैनिक जागरण लिखता है– राज्यपाल ने स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा की जांच कराने का दिया आदेश ।
दैनिक भास्कर की सुर्खी है – झारखण्ड के किसानों की 400 करोड़ का कृषि लोन माफ।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– झारखण्ड के पौने दो लाख किसानों का कर्ज सरकार ने किया माफ।

रांची एक्सप्रेस ने भी ऋण माफी की खबर को सुर्खी बनायी है।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से पीएमएलए और ईडी की टिप्पणी को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*************